तापमान
अधिकतम 33.8 डिग्री
न्यूनतम 17.0 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि

रोहतक, सोमवार, 1 अप्रैल, 2024

11 श्याम मंडल ने खरखौदा में मनाया तीसरा होली महोत्सव



12 समारोह में संस्कार युक्त सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत



## खबर संक्षेप

### अवैध शराब बेच रहा था, पुलिस ने दबोचा

**खरखौदा।** पुलिस ने सैदपुर गांव से एक व्यक्ति को अवैध शराब बेचने के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि सैदपुर गांव से थाना कलां मार्ग पर एक व्यक्ति प्लास्टिक के कट्टे में रखकर अवैध शराब बेच रहा है। पुलिस ने मौके पर जाकर जांच की तो वह व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने लगा। पुलिस ने उसे काबू करके उसके पास प्लास्टिक कट्टे की जांच की तो उसमें लगभग पांच बोतल अंग्रेजी शराब व देसी शराब के 11 पव्वे, 7 अध्धे बरामद किए गए। उसने अपनी पहचान सैदपुर निवासी प्रकाश के रूप में दी है। पुलिस ने उसके खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### खेत में किसान से मारपीट, केस दर्ज

**गोहाना।** आंवली गांव में अपने खेत से घर जा रहे एक किसान की पिटाई कर दी गई। किसान ने गांव के तीन युवकों पर मारपीट का आरोप लगाया। इसको लेकर उसने सदर थाना में शिकायत दी।

कृष्ण ने पुलिस को बताया कि वह खेतीबाड़ी का काम करता है। वह 29 मार्च को रात करीब 10 बजे अपने खेत से वापस घर जा रहा था। आरोप है कि रास्ते में ड्रेन नंबर-8 के पुल पर गांव के ही मोहित, मोहित कुमार और संजीत शराब पी रहे थे। तीनों ने उसके साथ पुल पर ही बिना वजह के गाली-गलौज की और उसे लात-घूसों से पीटा। यही नहीं उसे धक्का भी दिया गया, जिससे उसे चोट आई। इस पर उसने अपने भाई को फोन करके जानकारी दी तो आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देकर भाग गए।

### केबल गर्म होने से घर में लग गई आग

**गोहाना।** गांव गामड़ी में तीन अज्ञात व्यक्तियों ने ग्रामीण के घर के बाहर लगे घंटी के स्विच में माचिस की तिल्ली रख दी। स्विच लगातार चालू रहने से केबल गर्म हो गई और घर में आग लग गई। आरोपित उसके ताऊ के लडके के घर से दो गैस सिलेंडर चोरी कर ले गए। सदर थाना में मामला दर्ज किया गया। जगदीप ने पुलिस को बताया कि वह और उसकी पत्नी नौकरी करते हैं। शुक्रवार को घर पर ताला लगा हुआ था। वह वापस आया तो घर के अंदर सामान जला मिला। सीसीटीवी की जांच करने से पता चला कि तीन व्यक्ति उनके घर आए थे। दरवाजे के पास लगे घंटे की स्विच में माचिस की तिल्ली रखी गई। स्विच लगातार चालू रहने से केबल गर्म हो गई और उसके घर के अंदर आग लग गई। आगजनी में फर्नीचर, बिजली की फिटिंग और उपकरण जल गए।


# नया शैक्षणिक सत्र : तिलक लगाकर किया जाएगा विद्यार्थियों का स्वागत

## आज से सीबीएसई और एचबीएसई दोनों बोर्ड के स्कूलों का सत्र होगा आरंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

- सरकारी विद्यालयों में विद्यार्थियों की संख्या बढ़ाने के लिये डोर-टू-डोर सर्वे किया जाएगा
- सरकारी विद्यालयों में विद्यार्थियों की संख्या का 10 प्रतिशत बढ़ाने का है लक्ष्य

शिक्षा विभाग के निर्देशों के तहत प्रदेश भर के स्कूलों में नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ 1 अप्रैल यानि की सोमवार से किया जा रहा है। इसको लेकर शिक्षा विभाग की ओर से निर्देश जारी किए गए हैं। केंद्रीय विद्यालय शिक्षा बोर्ड और हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड से संबद्ध सभी स्कूलों में सोमवार से ही नया शैक्षणिक सत्र आरंभ हो रहा है। निजी विद्यालयों में तो हर नए शैक्षणिक सत्र पर विशेष कार्यक्रमों का आयोजन होता ही है, इस बार शिक्षा विभाग ने सरकारी विद्यालयों में भी नए सत्र के आरंभ पर कार्यक्रम आयोजन करने के निर्देश दिए हैं। इन निर्देशों के तहत शिक्षकों व विद्यार्थियों को 8 बजे तक स्कूल में पहुंचना होगा और 9 बजे हवन यज्ञ किया जाएगा। इसके अलावा स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि विद्यालय



में आने वाले नए विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया जाएगा। सरकारी विद्यालयों में विभागीय निर्देशों के तहत सभी तरह की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। शिक्षा विभाग की तरफ से शनिवार को पहली से नौवीं व ग्यारहवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया था। पहली से आठवीं कक्षा तक का परीक्षा परिणाम सौ फीसदी रहा, वहीं नौवीं व ग्यारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों का भी प्रदर्शन शानदार रहा है। परिणाम जारी करने के साथ ही स्कूल पहुंचे विद्यार्थियों को किताबें वितरित की गई थी।

### 14 तक प्रवेश उत्सव

जिन विद्यार्थियों को किताबें नहीं मिली थी, उन्हें 1 अप्रैल को नए शैक्षणिक सत्र की शुरूआत के साथ ही वितरित की जाएंगी। शिक्षा विभाग राजकीय स्कूलों में विद्यार्थी संख्या बढ़ाने पर जोर दे रहा है। जिसके तहत स्कूल प्राचार्यों को सभी कक्षाओं में 10 फीसदी विद्यार्थी संख्या बढ़ाने का लक्ष्य दिया गया है। स्कूलों में 14 अप्रैल तक प्रवेश उत्सव बनाया जा रहा है। जिसके तहत सरकारी स्कूलों के शिक्षक डोर-टू-डोर जाकर अभिभावकों को अपने बच्चों को दाखिला सरकारी स्कूलों में करवाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। शिक्षा अधिकारियों ने बताया कि लक्ष्य पूरा करने वाले शिक्षकों को सम्मानित भी किया जाएगा।

### साढ़े 5 साल तक के बच्चों का हो सकता है दाखिला

नई शिक्षा नीति के तहत इस बार पहली कक्षा के लिए बच्चे की उम्र छह वर्ष निर्धारित की गई है। अभिभावकों को राहत देते हुए ऐसे विद्यार्थियों को भी पहली कक्षा में दाखिला दिया जा सकता है, जिनकी उम्र सितंबर माह के अंत तक 6 वर्ष की हो जाएगी। शिक्षा निदेशालय की तरफ से पहले से स्कूलों में पढ़ रहे ऐसे बच्चों को अगली कक्षा में दाखिला देने की छूट दे दी गई है, जो साढ़े पांच साल के हैं, ताकि बच्चों का वर्ष खराब न हो।

### मंगलवार को बारहवीं का आईपी का पेपर

एचबीएसई से संबंद्ध स्कूलों में तो सेशन 1 अप्रैल से ही सैशन शुरू हो रहा है। वहीं सीबीएसई के भी अधिकतर स्कूलों में 1 अप्रैल को सैशन हो रहा है, लेकिन कुछ स्कूलों में सीबीएसई की बोर्ड परीक्षाओं के सेंटर है। इन स्कूलों में 2 अप्रैल को 12वीं कक्षा का आईपी विषय की परीक्षा है, इसी वजह से इन स्कूलों में 3 अप्रैल से नया सत्र शुरू किया जाएगा। सीबीएसई के ऐसे तकरीबन 40 स्कूल हैं, जिनमें इस विषय की परीक्षा के लिये सेंटर बना हुआ है। इन 40 स्कूलों को छोड़कर अन्य सभी स्कूलों में 1 अप्रैल से ही नया सत्र शुरू होगा।

### हवन होगा, बच्चों को किताबें वितरित की जाएगी

सोमवार से नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ हवन के साथ होगा। राजकीय विद्यालयों में विद्यार्थी संख्या बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है। नए विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया जाएगा। जिन विद्यार्थियों को पहले दिन किताबें नहीं मिली थी, उन्हें किताबें वितरित की जाएंगी।

**-नवीन गुलिया**, जिला शिक्षा अधिकारी, सोनीपत

# पावर ग्रिड की लाइन के लिए खोदे गड्ढों में किसानों ने भर दी मिट्टी, पुलिस से नोकझोंक

## नाहरा में पावर ग्रिड के लिये बिछाई जा रही लाइन को लेकर जारी रही ग्रामीणों व प्रशासन की तनातनी

## धरनास्थल पर किसानों ने की महापंचायत चुनावों का बहिष्कार कर सकते हैं किसान



सोनीपत। मौके पर मौजूद पुलिस बल।



सोनीपत। गड्ढों में मिट्टी भरते किसान और किसानों को रोकने के लिये मौजूद पुलिस बल।

### नहीं बनी सहमति, टीम बैरंग

प्रशासन की तरफ से पहुंचे नायब तहसीलदार राहुल व पावर ग्रिड कंपनी के अधिकारी एसके अरोड़ा व कुंडली थाना प्रभारी देवेंद्र के साथ गांव नाहरा के सरपंच एवं दहिया चौबीसी के प्रधान अधिवक्ता उमेश दहिया, राकेश दहिया, दिल्ली के गांव औचंदी से सत्येंद्र लोहचब व हलालपुर के जय भगवान के बीच बातचीत भी हुई। किसानों ने कहा कि वह 5 अप्रैल से पहले उनकी उपायुक्त से बैठक करा दें और मुआवजा पहले दिया जाए। हालांकि इस पर सहमति नहीं बन सकी। जिस पर टीम बैरंग लौट गई। किसानों ने कहा कि मांग पूरी नहीं होने तक वह डटे रहेंगे।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

गांव में नाहरा में ग्रामीणों व प्रशासन के बीच तनातनी जारी रही। पावर ग्रिड के लिए बिछाई जा रही लाइन को लेकर किसानों ने लाइन के काम को रोकते हुए खोदे गए गड्ढों में बुलडोजर से फिर मिट्टी भर दी है। किसानों को रोकने के दौरान पुलिस के साथ किसानों की जमकर बहस भी हुई। किसानों के साथ गांव की महिलाओं ने भी मोर्चा खोले रखा। किसानों ने घेरा बनाकर पुलिस को रोक दिया। इससे पहले किसानों ने धरना स्थल पर करीब दो घंटे तक महापंचायत कर कई अहम निर्णय भी लिए है। किसान नेताओं ने चेताया है कि सुनवाई नहीं होने पर लोकसभा चुनाव का बहिष्कार भी कर सकते हैं।

गुजरात के कच्छ से शुरू हुई हाई ट्रांसमिशन लाइन के हिस्से में दिल्ली के औचंदी से सोनीपत के गांव माहरा तक लाइन बिछाई जा रही है। जिसका गांव नाहरा के किसान विरोध कर रहे हैं। किसानों को हिरासत में लेकर कंपनी ने टावर लगाने का काम भी शुरू करा दिया था, लेकिन उसके बाद से किसान धरने पर बैठे हुए हैं और लगातार मार्केट रेट के हिसाब से मुआवजे की मांग कर रहे हैं। यहीं नहीं इस मामले में कंपनी व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ किसानों की कई दौर की बैठक भी हो चुकी हैं, लेकिन कोई नतीजा नहीं निकल सका है। इस बीच अब किसानों ने प्रशासन व कंपनी पर गुमराह करने का आरोप लगाते हुए पावर ग्रिड का काम बंद करवा दिया। रविवार को नाहरा धरनास्थल पर महापंचायत का आयोजन किया गया। जिसमें संयुक्त किसान मोर्चा, भारतीय किसान यूनियन के अलावा दहिया चौबीसा व गांव नाहरा के ग्रामीणों ने भाग लिया।

महापंचायत में फैसला लिया गया कि मुआवजा मिलने तक काम नहीं होने दिया जाएगा। साथ ही किसानों ने टावर लगाने के लिए अब तक खोदे गए गड्ढों को बुलडोजर की मदद से भरना शुरू कर दिया। गांव की महिलाएं भी खेतों में पहुंच गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस व प्रशासन की टीम ने किसानों को रोकना चाहा तो किसानों किसानों व महिलाओं ने घेरा बनाकर गड्ढों में मिट्टी भरने का काम जारी रखा। इस दौरान पुलिस के साथ किसानों की बहस व खींचतान भी हुई, लेकिन किसान अपनी मांगों पर डटे रहे। किसान व पुलिस के बीच झड़प तक की नौबत बन गई थी। किसानों ने घोषणा करते हुए कहा वह सभी गड्ढे भरकर ही वापस लौटेंगे।

### मार्केट रेट पर मुआवजा देने पर अड़े किसान



नाहरा में किसान नेता रवि आजाद, वीरेंद्र पहल, आजाद सिंह ने कहा कि किसान अपने हक की लड़ाई लड़ रहे है। ऐसे में मार्केट रेट पर मुआवजा मिलने तक किसी भी सूरत में पावर ग्रिड का काम शुरू नहीं होने देंगे। यही नहीं, उन्होंने कहा कि सुनवाई नहीं होने पर लोकसभा चुनाव का बहिष्कार किया जाएगा। हाईटेंशन तारों के लिए लगाए जा रहे टावरों को लेकर प्रदेश के अन्य जिलों में भी धरना प्रदर्शन चल रहा है। सरकार को चाहिए कि तुरंत किसानों को मार्केट रेट के हिसाब से मुआवजा जारी किया जाए, अन्यथा आंदोलन को बढ़ाया जाएगा। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ने पर किसान पार्टी विशेष के नेताओं का भी विरोध करने से पीछे नहीं हटेंगे।

# पुलिस ने चलाया आपरेशन पराक्रम 34 गिरफ्तार



- ट्रैफिक नियमों का पालन न करने पर 81 वाहन चालकों के चालान

**सोनीपत।** पुलिस ने रविवार को आपरेशन आक्रमण अभियान चलाकर 34 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। इनमें छह मामले में शराब की अवैध तस्करी व अवैध शस्त्र अधिनियम के हैं। यातायात नियमों की उल्लंघना करने वाले 81 वाहन चालकों के चालान भी किए गए। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस आयुक्त बी सतीश बालन के निर्देश पर रविवार को अभियान चलाया गया। जिसमें सभी पुलिस उपायुक्त व सहायक पुलिस आयुक्त उपायुक्तों के नेतृत्व सभी सहायक पुलिस आयुक्तों के साथ कुल 92 पुलिस टीमों में 476 जवानों ने एक साथ भाग लिया।

पुलिस ने अलग-अलग मामलों में 34 आरोपियों को दबोचा। पुलिस ने आबकारी अधिनियम के तहत पांच मामले दर्ज करते हुए 707 बोतल देशी शराब व छह बोतल बियर बरामद की। अवैध शस्त्र अधिनियम में एक आरोपी को पकड़कर देशी पिस्तौल व दो कारतूस बरामद किए। पुलिस की टीमों ने सडक पर संदिग्ध वाहनों की तलाशी ली और नियमों की उल्लंघना करने वाले 81 चालकों के चालान किए गए और उन्हें जागरूक किया। पुलिस आयुक्त बी सतीश बालन ने कहा कि अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।

# उपायुक्त ने उत्तरप्रदेश के साथ लगते पुलिस नाकों का किया निरीक्षण

लोकसभा चुनाव को प्रशासन अलर्ट पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

- पुलिस ने खुर्मपुर, केजीपी जाखौली, जगदीशपुर, गढ़ मिर्कपुर चौकी के पास व मिमारपुर चौकी के सामने और बेगा घाट पर नाके लगाए



जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने लोकसभा आम चुनाव के मद्देनजर उत्तरप्रदेश के साथ लगते पुलिस नाकों का निरीक्षण किया और वहां पर सभी व्यवस्थओं की जांच की। उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता के दृष्टिगत उत्तरप्रदेश के साथ सटी सीमाओं को पूर्ण रूप से सुरक्षित कर हर प्रकार की अवैध गतिविधियों पर लगाम लगाने के लिए खुर्मपुर, केजीपी जाखौली, जगदीशपुर, गढ़ मिर्कपुर चौकी के सामने तथा मिमारपुर चौकी के सामने और बेगा घाट पर पुलिस नाके लगाए गए है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता की अनुपालना को किसी भी स्थिति में प्रभावित नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंनें पुलिस कर्मचारियों को पूरी सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। इस मौके पर जिला पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।

## गोहाना और बरोदा विधानसभा क्षेत्रों में रैली करने के लिए भी स्थान निर्धारित

**गोहाना।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा आम चुनाव-2024 की घोषण कर दी गई है, जिससे जिले में आचार संहिता लागू हो गई है। लोकसभा आम चुनाव के चलते सभी 6 विधानसभाओं में राजनीतिक दलों तथा उम्मीदवारों द्वारा किए जाने वाले चुनाव प्रचार-प्रसार के लिए रैली स्थान के साथ-साथ पोस्टर, बैनर तथा होडिंग लगाने के लिए स्थान निर्धारित कर दिए गए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डॉ0. मनोज कुमार के अनुसार 32-गोहाना विधानसभा क्षेत्र में सोनीपत रोड स्थित सब्जीमंडी व देवीलाल स्टेडियम गोहाना को रैली करने के स्थान के रूप में निर्धारित किया गया है। इसी प्रकार सब्जीमंडी सोनीपत रोड़ गोहाना, ड्रेन नंबर-8 की पश्चिमी दिवार गोहाना शहर की तरफ, पुरानी अनाज मंडी गोहाना, देवी लाल स्टेडियम गोहाना की दीवार तथा शमशान भूमि पार्क रोड व अन्य स्थान निर्धारित किए गए है।

## गामड़ी में पंचायत के दौरान दो पक्षों में झगड़ा, केस

**गोहाना।** गांव गामड़ी में पंचायत में दो पक्षों में झगड़ा हो गया। एक पक्ष का आरोप है कि कहासुनी के बाद आरोपितों ने उनके घर और दुकान में घुसकर तोडफोड़ कर दी। दूसरे पक्ष का आरोप है कि पंचायत में उससे मारपीट की गई। दोनों पक्षों की शिकायत पर सदर थाना में मामला दर्ज किया गया। दलबीर ने पुलिस को बताया कि गांव में एक मामले को लेकर पंचायत हुई। वहां पर गांव के अरुण से उसकी कहासुनी हो गई थी। वे पंचायत से वापस अपने घर आ गए थे। कुछ देर बार अरुण अपने 13-14 साथियों के साथ डंडे व धारदार हथियार लेकर उनके घर पर पहुंचे। उससे मारपीट की गई और घर में तोडफोड़ की। शोर सुनर पड़ोसी आए तो आरोपित जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। इसके बाद आरोपित उनकी मेडिकल स्टोर की दुकान पर गए और वहां भी तोडफोड़ की। दलबीर को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। दूसरी तरफ अरुण ने पुलिस को बताया कि वह पंचायत में गया था। वहां पर दलबीर के बेटों ने उससे कहा कि तुझे पंचायती बनाते हैं और यह कहकर उससे मारपीट करने लगे। उसे जान से मारने की धमकी दी।

# ठेके के कारिंदे पर 16.80 लाख रुपये गबन का आरोप

पुलिस ने केस दर्ज कर जांच की शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत





- ठेकेदार का आरोप : शराब ठेकों से रुपये एकत्रित करने वाले कारिंदे ने की हेराफेरी

शराब ठेकेदार ने अपने कारिंदे पर गांव नाहरी स्थित शराब ठेके से लेकर आए गए 16.80 लाख रुपये चोरी कर ले जाने का आरोप लगाया है। ठेकेदार का आरोप है कि कारिंदे ने उनके पास अन्य ठेकों से लेकर आई गई राशि जमा करा दी, लेकिन नाहरी ठेके से लाए गए रुपये जमा नहीं कराए। पुलिस ने ठेकेदार के बयान पर चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

दिल्ली के गांव टिकरी खुर्द निवासी संदीप ने कुंडली थाना पुलिस को बताया कि वह शराब ठेकेदार है। उन्होंने सफियाबाद, नाहरी व मुरथल क्षेत्र के शराब ठेके ले रखे हैं। उन्होंने शराब ठेकों से रुपये एकत्रित करने के लिए हिसार के गांव ढाणी ठाकरिया निवासी दीपक को नौकरी पर रखा हुआ है। उनका आरोप है कि 29 मार्च को दीपक सभी ठेकों से रुपये एकत्रित कर लाया था। वह गांव नाहरी स्थित ठेके से भी 16.80 लाख रुपये लेकर आया था। उसने अन्य ठेकों से एकत्रित की गई 12 लाख रुपये की राशि तो उनके पास आकर जमा करा दी, लेकिन नाहरी ठेके की राशि जमा नहीं कराई।

इसके बारे में पूछने पर उसने कोई संतोषजनक जवाब भी नहीं दिया। जिस पर उन्होंने कुंडली थाना में दीपक के खिलाफ ठेका की नकदी चोरी कर ले जाने का आरोप लगाया है।

कुंडली थाना पुलिस ने संदीप के बयान पर उनके कारिंदे के खिलाफ चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस टीम मामले की जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि मामले में आरोपी को जल्द पकडकर ठोस कार्रवाई की जाएगी।

## अवैध हथियार सहित युवक गिरफ्तार, रिमांड पर लिया

**सोनीपत।** सीआईए की टीम ने एक युवक को अवैध पिस्तौल सहित पकड़ा है। आरोपित युवक मूलरूप से गांव जुआं फिलहाल श्याम नगर निवासी नरेंद्र है। आरोपी को मुख्य सिपाही अनिल की टीम ने गढ़ी गेट पार्क के से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से अवैध पिस्तौल व कारतूस मिले। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश कर एक दिन के रिमांड पर लिया है। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है।



## दूध, दही, लस्सी मिट्टी के बर्तन में रखते थे

दूध खराब न हो इसके लिए उसे मिट्टी की कढ़ोणी में रखा जाता था। कढोणी के नीचे ईंधन डाल दिया जाता था। दिनभर यह दूध उबलता रहता था। जिसके बाद वह खराब नहीं होता था। चाय आदि के दूध को ज्यादा गर्मी होने पर ठंडे पानी में रखते थे। मिट्टी की बिलौनी में दूध को शाम के समय जमाया जाता था। सुबह जो दही जमी होती थी, उसको बिलोकर मक्खन व लस्सी बना लिया जाता था।



# तूड़ी, अनाज और खाद्य वस्तुओं के भंडारण की सस्ती तकनीक का इस्तेमाल करते थे ग्रामीण



*चार दशक पहले तक बहुत से गांवों में इक्का दुक्का घरों में ही बिजली का कनेक्शन होता था। जिन घरों में बिजली का मीटर था। उनमें भी पर्याप्त बिजली उपकरण नहीं होते थे। लोग केवल रात को बल्ब जलाने के लिए बिजली का प्रयोग करते थे। आज हालात यह हैं कि बिजली की वजह से गांव देहात के दृश्य ही बदल गए हैं। गर्मी के मौसम में लोग गलियों में या घरों की छतों पर सोते थे। अब रात को गर्मी के मौसम में जहां गलियां सुनसान दिखाई देती हैं। पहले ऐसा नहीं था। पूरे गांव की गलियां रात को भी गुलजार रहती थी।*

परंपरा | राज कुमार नरवाल

आज से चार दशक पहले तक बहुत से गांवों में इक्का दुक्का घरों में ही बिजली का कनेक्शन होता था। जिन घरों में बिजली का मीटर था। उनमें भी पर्याप्त बिजली उपकरण नहीं होते थे। लोग केवल रात को बल्ब जलाने के लिए बिजली का प्रयोग करते थे। धीरे धीरे इलेक्ट्रिक उपकरण बढ़ते चले गए और हालात यह हैं कि बिजली की वजह से गांव देहात के दृश्य ही बदल गए हैं। गर्मी के मौसम में लोग गलियों में या घरों की छतों पर सोते थे। अब रात को गर्मी के मौसम में जहां गलियां सुनसान दिखाई देती हैं। पहले ऐसा नहीं था। पूरे गांव की गलियां रात को भी गुलजार रहती थी। आस पड़ोस व मोहल्ले के लोग देर रात तक एक दूसरे से बातचीत करते रहते थे। इन्वर्टर आने के बाद तो लोगों ने घरों के अंदर ही रहना शुरू कर दिया। अब तो गर्मी हो या सर्दी दिन के समय भी गांवों की गलियां सुनसान रहती हैं। पहले गांव के लोग दोपहर के समय भी घरों से बाहर ही रहते थे। गांव की बणियों में पेड़ों की छांव के नीचे पशुओं को बांधते थे और वहीं पर गांव के लोगों की दोपहरी कटती थी। बिजली के उपकरण जैसे जैसे बढ़ते चले गए वैसे वैसे ही गांव देहात के लोगों का रहन सहन और जीवन यापन का तौर तरीका ही बदलता चला गया।

### बर्फ को बोरी में डालकर तूड़ी में दबा देते थे

कोल्ड स्टोरेज व फ्रीज के आने से पहले खाने पीने की वस्तुओं के भंडारण का भी सिस्टम बदल गया। पहले ब्याह शादी में शहर से बर्फ की सिल्ली खरीदकर लाते थे तो उसको बोरी में डालकर तुड़ी में दबा दिया जाता था। जिससे बर्फ पिघलती नहीं थी।

### तूड़ी को सुरक्षित रखने के लिए भूसे से खेत में ही बना लेते थे कूप

अब तूड़ी को ज्यादातर लोग कमरों में भरकर रखते हैं। लेकिन पहले खेतों में तूड़ी रखने के लिए गेहूं की डालियों व भूसे आदि से लोग कूप बनाते थे। कूप बनाने में केवल श्रम लगता था। किसी भी प्रकार का खर्च इसको बनाने में नहीं लगता था। कूप में रखी गई तूड़ी गर्मी, सर्दी, बारिश व आंधी में सुरक्षित रहती थी। अब तूड़ी रखने के लिए बनाए जाने वाले कमरों पर लाखों रुपए खर्च होते हैं। पहले किसान गेहूं की तूड़ी के अलावा चने की भुरली, चने का खार, चने का न्यार और ग्वार का गूणा भी संभालकर रखते थे। कुछ इलाकों में तो आज भी इक्का दुक्का तूड़ी के कूप देखने को मिल जाते हैं।

### कागज को गलाकर बनाए ठाठियों में रखी जाती थी मिठाइयां

ब्याह शादी से कई दिन पहले घर की महिलाएं कागजों व गत्तों को इकट्ठा करके मिट्टी के घड़ों में डाल देती थी। उसके बाद इनमें पानी भर लिया जाता था। कागज गल जाने के बाद उनको मुलतानी मिट्टी मिलाकर मूसल के साथ उंखल में कूटा जाता था। जो कागज गलने के बाद गारा सी बनती थी, उससे महिलाएं बोहिए अथवा ठाठिए बनाती थी। उसके बाद मुल्तानी मिट्टी से उसकी लिपाई की जाती थी। महिलाएं इन बोहियों पर चित्रकारी करती थी। इन बर्तनों में मिठाइयां रखी जाती थी। इनमें रखी मिठाइयां खराब नहीं होती थी।



### तूड़ी में रखा जाता था प्याज

जब प्याज सस्ता होता था। तब उसको काफी मात्रा में खरीद लिया जाता था। उसके बाद उसको तूड़ी में रख दिया जाता था। तूड़ी में रखा गया प्याज महीनों तक खराब नहीं होता था। सालभर बाद भी प्याज ज्यों का त्यों रहता था।



### बालू रेत में रखे चने और मूंग नहीं होते थे खराब

चना व मूंग जैसी दलहन फसलों को खराब होने से बचाने के लिए लोग उनको बालू रेत में रखते थे। कई कई मण अनाज घरों में बालू रेत में पड़ा रहता था। यह अनाज लंबे समय तक बालू रेत में खराब नहीं होता था।

### महिलाएं बनाती थी गारा मिट्टी के कुठले

आज से तीस साल पहले तक महिलाएं गारा मिट्टी से छोटे बड़े कुठले बनाती थी। बड़े कुठलों में तो दो तीन मण तक गुड़ आ जाता था। कुठलों में रखा गया गुड़ चौमासे में भी खराब नहीं होता था। सभी तरह के मौसम बीत जाने के बाद भी सालभर गुड़ ज्यों का त्यों रहता था। इन कुठलों को ढंकने के लिए ढक्कन भी गारा से ही बनाया जाता था।

### घी को रखा जाता था मिट्टी के बर्तन (बारा) में

पहले ग्रामीण आंचल में बसने वाले अधिकतर लोग पशु पालते थे। कई घरों में तो कई कई दुधारू पशु होते थे। जिस वजह से बहुत घी स्टॉक करना पड़ता था। घी मिट्टी के पक्के बर्तनों में रखा जाता था। घी के बर्तन को बारा कहा जाता था। पहले घरों में घी के बारे भरे रहते थे।

### शहतूत की टहनियों से बने बोहिए में रखी जाती थी रोटियां

शहतूत की टहनियों को काटकर उनसे बोहिए, छाबड़े, छाबड़ी व पालने बनाए जाते थे। इन वस्तुओं में छिद्र होते थे, जिससे उनमें हवा भी पहुंचती थी। शहतूत से बनाए बोहिए में रेजे से बने छालने में लपेटकर रोटियां रख दी जाती थी। जो शाम तक भी खराब नहीं होती थी। कुछ लोग तो इन बोहियों में रखी रोटियों को दूसरे दिन भी खा लेते थे। जानवरों व पशुओं से बचाने के लिए इन बोहियों को मकान की छत पर रस्सी का छिक्का बनाकर उसमें रख दिया जाता था। बोहिया हवा में लटकता रहता था। सुबह एक बार महिलाएं रोटियां बनाकर बोहियों में रख देती थी, जिसको जब भी भूख लगती, तभी खा लेते थे। वे रोटियां स्वादिष्ट भी लगती थी। अब रोटियों को प्लास्टिक की परत लगे डिब्बो में रखा जाता है।



### बुखारियों में रखा जाता था अनाज

घर में चना, गेहूं, ग्वार, ज्वार आदि अनाज बुखारियों में रखा जाता था। घर में एक जगह पर ईंटों की छोटी दीवार बनाकर एक जगह बना ली जाती थी। जिसमें अनाज भर लिया जाता था। उसकी दीवारों की गाय के गोबर व मिट्टी से लिपाई पुताई कर दी जाती थी।

### मर्तबान में रखते थे अचार

अचार जहां अब प्लास्टिक के डिब्बों में रखा जाता है। वहीं पहले घरों में महिलाएं अचार को चीनी मिट्टी व कांच से बने अमृतबाण में रखती थी। अमर्तबाण में रखा गया अचार लंबे समय तक खराब नहीं होता और वह स्वादिष्ट रहता है। महिलाएं खुद अचार डाल लेती थी और उसको अमृत बाण में रख लेती थी। खेतों से शहद इकट्ठा करके भी लोग उसके कांच के बर्तन में रखते थे। कांच के बर्तन में शहद खराब नहीं होता।

---

रागनी | विश्वबंधु शर्मा



## क्यां की चिंता करता

पैदा सो ना पेद जगत मैं , जो ज्याम्यां सै वो मरता है ।
केवल कर्म हाथ मैं तेरै , तूँ क्यां की चिंता करता है ॥ टेक ॥
सातदिनां मैं मरणा निश्चित , फेर क्यूँ मृत्यु तैं डरता है ।
रवि सोम मंगल बुध गुरु शुक्र , वोह नाम शनि का धरता है ।
दोष अपणे पै लेता न वो , वो त्यार बहाना करता है ।
बहाने बिन न मोत किसे की , इत कर्मा का फल भरता है ।
अगले पिछले कट्ठे होज्यां , तूँ नाम मोतका धरता है ।
सब के हित मैं काम करै तूँ , तूँ अपणा हित ना करता है ।
काम क्रोध लोभ मोह मद मैं , नासमझ डूब केंमरता है ।
अकल आपणी बाध लागती , यकीन किसी पै न करता है ।
श्रद्धा विश्वास नहीं मन मैं, ना माधव मन तैं भजता है ।
माया ममता मैं घिर बैठा , कट खाणी से ना डरता है।
तूँ दीन बन्धु हरि ना भजता , मकड़ी ज्यूँ जाळे घिरता है ।
तूँ चरण शीश कदे न धरता , तूँ अकड़ा अकड़ा फिरता है ।
दोष नसादे पाप मिटा दे , वो सबका पेटा भरता है ।
थावस राख थोड़ी सी मन मैं , तूँ बेसबरी क्यूँ करता है ।
वो न्यायधीश न्यारा जग मैं ,बिन पासंग नरजा धरता है।
ग्रीवा काट गज नै बचावै , उद्धार अहल्या करता है ।
सुग्रीव बिचारा लाचारी , वो बाली का वध करताहै ।
बाणासुर की कन्या ठाले , शिव ध्वजा जमी पै धरता है ।
बनवारी ताकत का दाता , बन्धु शक्ति सब मैं भरता है ।
सब कुछ त्यार करै नर तेरा ,क्यूँ फिकर गात मैं करता है ।

गजल | किरण यादव



कौन आया दरमियाँ
जो हैं इतनी चुप्पियाँ

क्यूँ हमारे बीच में
आईं इतनी दूरियाँ

कैसे बतलाएँ तुम्हें
कितनी हैं मजबूरियाँ

कैसे भर पाएँगे हम
बीच की ये खाइयाँ

जहन में चुभने लगीं
जाने कितनी किर्चियाँ

गीत | शकुन्तला काजल 'शकुन'



## खूँटे नै भैंस पड़ाएं

पतली पिंडी पेट कूप-सा, ज्यों पेठा टॉग लगाएं जा...
ओ जुल्मी तेरा रूप देख, खूँटे नै भैंस पड़ाएं जा।

कर ले याद पुराणे दिना नै, जब कॉलेज मैं जाया करता।
उचक- उचक सब देखा करते, बिन गिनती दंड लगाया करता,
इब प्यारे तूं जावै फैलता,
गिरड़ी-सी गिरड़ाए जा..
ओ जुल्मी तेरा रूप देख, खूँटे नै भैंस पड़ाएं जा॥

जब-जब बात करूँ फिटनेस की, ऐकै बात सुनावै तू,
ब्याह होना था हो लिया , मत सिर पै चढ़ती आवै तू।
देख गली के मारैं सीट्टी, सर्कस का जोकर बताएं जा...
ओ जुल्मी तेरा देख, खूँटे नै भैंस पड़ाएं जा॥

करूँ रंग की बात नहीं, म्हारा ईश्वर भी तो सै काला।
तेरे रूप पै बेहमाता नै, कर राख्या सै कति चाला ॥
मल- मल लावै तेल जले तूं, नहाणा रोज डिगाएं जा...
ओ जुल्मी तेरा रूप देख, खूँटे नै भैंस पड़ाएं जा॥

पतली पिंडी पेट कूप-सा, ज्यों पेठा टॉग लगाएं जा..
ओ जुल्मी तेरा रूप देख, खूँटे नै भैंस पड़ाएं जा॥

haribhoomisahitya@gmail.com पर आप अपनी रचनाएं भेज सकते हैं।

---

श्रद्धा | बाबा रामरूप में कस्बे सहित देश विदेश के लोगों की आस्था



# दादू नगरी के नाम से पहचाना जाता है बवानी खेड़ा

**मेला**
बसंत पंचमी के दिन भव्य मेले का आयोजन किया जाता है

**खेल**
मेले के दौरान लाखों रुपये पुरस्कार वाली खेल प्रतियोगिता भी करवाई जाती है

किसान | दीपक कुमार डुमड़ा

भिवानी जिले के बवानी खेड़ा में बाबा रामरूप के डेरे में लोगों के गहरी आस्था व श्रद्धा है। श्रद्धा के प्रतीक बाबा रामरूप के जन्मोत्सव के अवसर बसंत पंचमी के दिन भव्य मेले का आयोजन किया जाता है। बाबा रामरूप की कस्बे के ही नहीं अपितु देश के अलग अलग हिस्सों के लोगों में भी काफी मान्यता है। बसंत पंचमी वाले दिन बाबा कि पूजा अर्चना करने के लिए मुम्बई, चेन्नई, कोलकता, दिल्ली, राजस्थान, पंजाब, उतरप्रदेश सहित देश के अनेक राज्यों से लोग पहुंचते हैं। कस्बे के लोगों के अनुसार जो कोई भी श्रद्धालु बाबा की सच्चे मन से पूजा अर्चना करता है बाबा उसकी हर तमन्ना तो पूरी करते ही हैं साथ साथ उनके परिवार का संकट भी हर लेते हैं। डेरा महंत बाबा गुमानदास की माने तो मेले के दौरान बाबा रामरूप का डेरा भव्य तरीके से सजाया जाता है और भंडारे का आयोजन भी किया जाता है। इसके इलावा लाखों रुपये पुरस्कार वाली खेल प्रतियोगिता का भी आयोजन होता है।



### कौन थे महंत गुमानदास

बाबा रामरूप डेरे के महंत गुमानदास ने बताया कि बाबा की मान्यता व जीवन के बारे में बताया कि सिद्ध श्री योगीराज बाबा रामरूप महाराज दादूपंथी का जन्म महेन्द्रगढ़ जिले के सीहा गा्रम में बसंत पंचमी के दिन विक्रमी सम्वत 1866 को गौड ब्राह्मण परिवार में हुआ था। ये दो भाई थे । इनका पूर्व नाम रामसुख था और छोटे भाई का नाम श्यामसुख था। एक बहन थी जिसका नाम फूलवती था। रामसुख छोटी अवस्था में ही विरक्त हो गए थे।

### कैसे जागी भावना

समाजसेवी सुभाष शर्मा, की मानें तो वे सुनते आए हैं कि 20 वर्ष की आयु होने पर रामसुख के हृदय में भावना उठी कि किसी उच्च कोटि के संत से दीक्षा लेकर जन्म को सफल बनाया जाए। वे बाबा मुंगीपा के दर्शन के लिए आ गए । तीन दिन भूखा प्यासा रहने पर भी जब मुंगीपा ने दर्शन नहीं दिए तो रामसुख ने अपनी जीवन लीला समाप्त करने की सोची। तब बाबा मुंगीपा को दर्शन देने पड़े।

### कैसे बने महात्मा

रामरूप गुरु जी आशीर्वाद से भगवद् भजन में इतने लीन हो गए कि परम सिद्ध महात्मा बन गए और अपनी योग माया से चमत्कारिक कार्य करने लगे। जैसे अंग्रेजों द्वारा तोप लाए जाने पर बवानी खेड़ा की रक्षा करना, नटनी की रक्षा करना, योग माया से चोरी जानना, गुरु की भिक्षा मांगना छुड़वाना, जमीन के नीचे मीठा पानी व ईंटों को बताना, गेहूं लाने वाले की चालाकी जानना, हजारी सेठ की पुत्री का मान सम्मान से विवाह करवाना, धन राशि दिखाना, गोपीचन्द व भ्रतृहरि का दर्शन देना, दो स्थानों में एक समय दर्शन देना, बवानी खेड़ा व सिंहा ग्राम में मंदिर बनवाना आदि अलौकिक कार्य बाबा रामरूप महाराज ने किए। अंत में जयपुर के बिहारी बाग में विक्रमी सम्वत 1934 को बाबा ब्रह्मलीन हो गए।

---

# युवाओं को अभिनय सिखाकर पहचान दिला रहे हरिकेश पंघाल

◆ बेजोड़ लेखक व कलाकार के रूप में कमाया नाम ◆ तीन दशक से संस्कृति का करते आ रहे संवर्धन ◆ सकारात्मक विचारधारा से जोड़ युवाओं में भर रहे संस्कार

कलाकार | ओ.पी. पाल

हरियाणा की लोककला एवं संस्कृति के क्षेत्र एक से बढ़कर एक कलाकार दिए हैं। ऐसे ही कलाकारों में डा. हरिकेश पंघाल हैं, जिन्होंने नाटक, कविता और लघु फिल्मों की पटकथा लिखने के साथ ही अभिनय के क्षेत्र में भी एक अभिनेता और रंगकर्मी में अपनी कला का प्रदर्शन किया है। वहीं उन्होंने कला के क्षेत्र में अनेक प्रतिभाशाली कलाकारों को प्रशिक्षण देकर उन्हें मंच पर अभिनेता जैसे कलाकारों की पहचान दिलाई है। थिएटर डांस और साहित्यिक क्षेत्र में पिछले तीन दशक से संस्कृति का संवर्धन करते आ रहे पंघाल अभी तक 50 से अधिक नाटकों का निर्देशन कर चुके हैं। प्रसिद्ध रंगकर्मी, अभिनेता, कवि एवं लेखक डा. हरिकेश पंघाल ने अपने साहित्यिक एवं कला के सफर को लेकर हरिभूमि संवाददाता से हुई बातचीत में कई ऐसे अनुछुए पहलुओं को साझा किया है, जिससे कहा जा सकता है कि वह अपनी कला के माध्यम से समाज को सकारात्मक विचारधारा से जोड़कर संस्कृति और युवाओं को संस्कार की राह दिखाने में जुटे हैं।

हरियाणा के भिवानी जिले के गांव खरखड़ी माखवान में चौधरी जगबीर सिंह व श्रीमती वीना रानी के घर में 03 जुलाई 1974 को जन्में कलाकार हरिकेश पंघाल के परिवार की पृष्ठभूमि राजनीतिक रही है। उनके पिता चौधरी जंगबीर सिंह भिवानी संसदीय क्षेत्र से 1991 से 1996 तक सांसद रहे। उन्होंने हरियाणा निर्माण के बाद हुए पहले चुनाव में तोशाम विधानसभा से चौ. बंसीलाल के खिलाफ चार बार चुनाव में अपनी किस्मत आजमाई। उनके बड़े भाई कमल सिंह प्रधान भी राजनीति में सक्रिय रहे। इसके बावजूद हरिकेश पंघाल का रुझान बचपन से ही कला क्षेत्र में रहा। उन्होंने प्राथमिक शिक्षा के दौरान भिवानी पब्लिक स्कूल में विद्यालय के कार्यक्रमों में लघु नाटिका कविताएं और भाषण में हिस्सा लिया। इसके वे वैश्य महाविद्यालय भिवानी से स्नातक करने के दौरान रंगमंच की कला से जुड़ गए, जिसका नतीजा ये रहा कि वे युवा समारोहों में 6 बार सर्वोत्तम अभिनेता चुने गए। उनकी इस कला का आरंभ में परिजनों का विरोध भी झेलना पड़ा, लेकिन उनकी अभिरुचि परिवारिक माहौल से अलग पहचान बनाती गई, तो परिवार ने भी प्रोत्साहन दिया।



### पत्नी बनी प्रेरणा

बकौल डा. हरिकेश पंघाल उनकी पत्नी भी उनकी कला के प्रसार में प्रेरणा साबित हुई। उन्होंने मनोविज्ञान और हिन्दी एवं जनसंचार में एमए, एलएलबी के अलावा पीएच.डी की उच्च शिक्षा हासिल की है। वर्तमान में वैश्य महाविद्यालय में मनोविज्ञान प्राध्यापक के रुप में कार्यरत डा. हरिकेश पंघाल ने बताया कि 1997 में हरियाणवी कविता को भी युवा समारोह में शामिल किया गया तो उन्होंने भी स्वरचित कविता सुनाई, जिसे प्रथम स्थान मिला। इससे उनका आत्मविश्वास ऐसा बढ़ा कि कई सालों तक उनकी वह कविता युवा समारोह में अव्वल रही। इसके बाद उन्होंने कविताएं लिखना शुरु कर दिया, जिसमें कई ऐसी कविताएं रही जो बड़े बड़े मंच पर प्रसिद्ध हुई। कला जगत में शुरुआती दौर में दर्शकों को उनकी रचनाएं बहुत पसंद आई, लेकिन उन्होंने ऐसी रचनाओं को अश्लीता की परिधि में महसूस किया तो उसके बाद उन्होंने संकल्प लिया किया कि वे ऐसी रचना और नाटकों की प्रस्तुति करेंगे, जिन्हें परिवार के लोग एक साथ देख या सुन सकें। कई बार ओटीटी एप के कार्यक्रमों और हरियाणवी एल्बम और फिल्मों के लिए भी गाने लिखने का ऑफर मिला, लेकिन हरबार उन्होंने वह सबकुछ लिखने से इंकार कर दिया, जो उसके संकल्प के बाहर था। इसलिए उन्होंने सामाजिक सरोकार से जुड़े मुद्दों और समाज में फैली कुरीतियों को उजागर किया है। डा. हरिकेश दो भक्ति शब्दों पुस्तकें भी लिखी। उन्होंने 15 हरियाणवी नाटक, हरियाणवी और हिंदी में 100 से अधिक कविताओं के लेखन किया।

### सम्मान व पुरस्कार

सुप्रसिद्ध कलाकार, कवि व लेखक डा. हरिकेश पंघाल को साहित्य, कला और अभिनय के क्षेत्र में दिए गए योगदान के लिए हिमाचल के राज्यपाल, गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, त्रिवेणी, नटराज कला मंच सहित कई संस्थाओं व मंचों द्वारा सम्मानित किया जा चुका है। इसके अलावा हिंदी और संस्कृत एकांकी नाटकों में 80 शिष्यों को सर्वश्रेष्ठ अभिनेता और सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार मिल चुका है। उनके कई छात्र बॉलीवुड और ओटीटी प्लेटफॉर्म की विभिन्न फिल्मों में काम कर रहे हैं, जो उनके लिए किसी सम्मान से कम नहीं है।

### गुरु मंत्र से अनेक युवा बने कलाकार

हरिकेश पंघाल का ध्येय कभी फिल्म जगत के परदे पर आना नहीं रहा। इसका मकसद यही था कि वह अपनी कला में कविताओं और साहित्य लेखन के माध्यम से हमेशा पथभ्रष्ट होते समाज खासकर युवा पीढ़ी को सही राह की और आकर्षित किया जाए। यही नहीं उन्होंने कला के क्षेत्र में रुचि रखने वाले युवाओं को जोड़कर गुरु-शिष्य परंपरा को भी गति देने पर बल दिया। इसका सकारात्मक परिणाम ये है कि आज उनसे जुड़े अनेक युवा एक कलाकार के रूप मंचों पर बेहतरीन कला का प्रदर्शन करके सामाजिक उत्थान में अपना योगदान देकर अपने परिवार, राज्य व देश का नाम रोशन कर रहे हैं। इनमें कमल आनंद, नवीन कुमार, अनूप कुमार, शीतल, राज सिंह, जनार्धन, सोनल शर्मा, दिशिका, राजेश राठौर, साहिल अपूर्व और अमिता आदि ऐसे शिष्य कलाकार हैं, जिन्होंने कई दर्जन सर्वश्रेष्ठ अभिनेता के खिताब हासिल कर लिये हैं। जबकि डा. हरिकेश से अभिनय के गुर सीखकर एकता जागड़ा, उमा शैखावत, भावना, निशा, सुनीता, प्रदीप कुमार, प्रशांत, पवन कुमार, अमित कुमार आदि ने कला के क्षेत्र में नाम कमा रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### अभय चौटाला कल लेंगे कार्यकर्ताओं की बैठक

**झज्जर।** इंडियन नेशनल लोकदल पार्टी के वरिष्ठ नेता अभय सिंह चौटाला मंगलवार को झज्जर पार्टी कार्यालय पहुंच कर कार्यकताओं की मीटिंग लेंगे। कार्यालय सचिव पवन धनखड़ ने बताया कि दोपहर बाद तीन बजे शुरू होने वाली इस मीटिंग में उनके साथ नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा भी मौजूद रहेंगे। मीटिंग का मुख्य एजेंडा आगामी लोकसभा चुनाव पर कार्यकर्ताओं से विचार-विमर्श करना और चुनाव को मजबूती से लड़ना है।

### जसौरखेड़ी में विद्यार्थियों को किया पुरस्कृत

**बहादुरगढ़।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जसौर खेड़ी में प्रिंसिपल प्रवीण ने वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया। प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया गया। प्रिंसिपल ने विद्यालय की उपलब्धियां व वार्षिक रिपोर्ट सभी के सामने रखी। मनाली, जैसलमेर और पंचमढ़ी में हुए एडवेंचर कैंप में भाग लेने वाले छात्रों को इस दौरान प्रमाण पत्र वितरित किए गए। सभी छात्रों व अभिभावकों को नए सत्र की गतिविधियों के बारे में बताया गया। मौके पर स्टाफ सदस्य सुनैना, अरुणा, रजनी, नीलम, जसवंती, तृप्ता, सुमन, राजेश, राजेश चंद्र, दर्शन व सुनील आदि मौजूद रहे।

### कपास बिजाई की मशीन चोरी

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव चमनपुरा में कपास बिजाई की मशीन चोरी होने का मामला सामने आया है। पुलिस को दी शिकायत में सरजीत सिंह ने बताया कि बीते 28 मार्च को दुजाना-चमनपुरा मार्ग पर पीर बाबा के पास उसने कपास बिजाई की मशीन खड़ी की थी जो चोरी हो गई। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर नियमानुसार छानबीन शुरू कर दी है।

### खराब हुई फसलों की क्षतिपूर्ति करे सरकार

**बहादुरगढ़।** ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के अनुसार तेज आंधी तथा बारिश के साथ भारी ओलावृष्टि से प्रदेश के पांच जिलों में गेहूं, सरसों, बागवानी तथा सब्जियों की फसलों को बहुत ज्यादा नुकसान हुआ है। इससे पहले भी 2- 3 मार्च को ओलावृष्टि से भारी तबाही हुई थी। प्रदेश के अनेक किसान पूरी तरह तबाह हो गए हैं। कई स्थानों पर शत-प्रतिशत फसलें नष्ट हो गई हैं। पीडितों को 50 हजार प्रति एकड़ की दर से मुआवजा दिया जाना चाहिए।

श्रीराधा कृष्ण के भजनों पर जमकर झूमे भक्त

# श्याम मंडल ने खरखौदा में मनाया तीसरा होली महोत्सव

होली महोत्सव के दौरान जागरण के साथ भंडारे का आयोजन भी किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

शहर के मीरा धाम मंदिर प्रांगण में श्री श्याम मंडल खरखौदा द्वारा तीसरा श्याम होली महोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में जागरण व भंडारे का आयोजन किया गया। महंत डॉ राम बहादुर दास व महंत मोहन दास ब्रह्मचारी ने श्याम बाबा की दिव्य ज्योत प्रचंड करके कार्यक्रम की शुरूआत की गई। जागरण कार्यक्रम के दौरान भजन गायकों ने भक्ति रस से सराबोर भजन प्रस्तुत किए। हरमिंदर सिंह रोमी खलीलाबाद, सौरभ शर्मा कोलकता, पंकज सोनी दिल्ली, संदीप तायल सोनीपत ने श्याम बाबा के सुमधुर भजन सुनाए। श्रद्धालुओं ने नाचते गाते हुए श्याम बाबा का आशीर्वाद प्राप्त किया और पुष्प वर्षा करके होली महोत्सव मनाया गया। विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे श्याम प्रेमियों ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। सामाजिक कार्य करने वालों को मुख्य अतिथि के तौर पर आमंत्रित किया गया था। आयोजकों ने उन्हें स्मृति चिन्ह व प्रसाद देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं को आयोजनों द्वारा मुक्त कूपन वितरित किए गए थे। जिनमें चार लक्की ड्रा निकालकर उन्हें उपहार देकर सम्मानित किया गया। संस्था प्रधान सुरेंद्र गुप्ता ने बताया कि यह होली महोत्सव सभी के सहयोग से प्रतिवर्ष मनाया जाता है। जिससे श्रद्धालुओं में धार्मिक व सकारात्मक सोच की आस्था उत्पन्न करके मानव कल्याण के लिए प्रेरित करना है।



खरखौदा। भजन प्रस्तुत करते हुए गायक। फोटो : हरिभूमि



गन्नौर। आहुलाना बाबा श्याम मंदिर में अपनी मुरादों को पूरा करने की कामना करते बाबा के भक्त। फोटो : हरिभूमि

### भक्तों के सभी कष्टों का निवारण कर देते हैं बाबा : पंडित सचिन

**गन्नौर।** आहुलाना धाम खाटू श्याम मंदिर के पुजारी पंडित सचिन ने कहा कि खाटू श्याम मंदिर में आने वाले किसी भी भक्त की मनोकामना अधूरी नहीं रहती हैं। उन्होंने कहा कि जो भी व्यक्ति अपनी परेशानियां, मुसीबते लेकर आता है बाबा उसके सभी कष्टों का निवारण बाबा कर देते हैं, इसलिए इनके इन्हें हारे का सहारा बाबा खाटू श्याम हमारा कहकर बुलाते हैं। पंडित रविवार को मंदिर में अपनी अरदास लगाने आए भक्तों को बाबा श्याम को महिमा बता रहे थे। उन्होंने कहा कि बाबा श्याम ने एक भक्त को स्वयं दर्शन देकर आहुलाना में मंदिर निर्माण की बात कही थी। ग्रामीणों द्वारा भव्य मंदिर बनाया गया है। उन्होंने बताया कि जो भी मंदिर में आकर अरदास लगाता है बाबा उसको पूरा करते है तभी श्याम बाबा को हारे का सहारा माना जाता है। पुजारी ने बताया कि कोई भी परेशानी हो इस मंदिर में आने वाला कोई भी भक्त निराश नहीं जाता है यही वजह है कि खाटू श्याम को लखदारतार के नाम से भी जाना जाता है।

# मांगों के लिए आयोजित की संगोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



सोनीपत। बैठक में पहुंचे पूर्व प्राचार्य एवं पूर्व प्राध्यापक। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा के पूर्व प्राचार्यो-प्राध्यापकों के संगठन आरसीपीटीएफ सोनीपत जोन की एक बैठक जीवीएम कालेज में आयोजित की गयी। जिसकी अध्यक्षता हिन्दू कालेज के पूर्व प्राचार्य केसी कौशिक ने की। संगठन के संयोजक प्रो. डीआर चौधरी, डीएवी कालेज करनाल के पूर्व प्राचार्य डॉ. एसबी दीक्षित एवं डॉ. पूर्णमल गौड़, एचसीटीयू के पूर्व अध्यक्ष एवं प्राचार्य केएस ढिल्लों, प्रो. आरके गौड़ (कोषाध्यक्ष) ने मंच को सुशोभित किया। मंच संचालक प्रो. केसी वशिष्ट ने हरियाणा के विभिन्न कालेजों से आये प्राचार्यों व प्रोफेसरों का स्वागत करते हुए बैठक का एजेंडा प्रस्तुत किया। एसोसिएशन के संयोजक प्रोफेसर दिले राम चौधरी ने सोनीपत जोन के आयोजकों का धन्यवाद करते हुए बताया कि को-आर्डिनेन्स कमेटी के सभी सदस्यों ने ट्रेजरी के माध्यम से पेंशन, स्वास्थ्य सुविधाएं, 20 वर्ष की सेवा उपरांत पूर्ण पेंशन लाभ, 80 वर्ष के बाद 20 प्रतिशत पेंशन बढ़ोतरी, नेशनल पे, 36 दिन की सैलरी आदि मांगों को लेकर मुख्यमंत्री व शिक्षा उच्च अधिकारियों से बार-बार संपर्क किया गया। उन्होंने आश्वासन दिया है कि आपकी मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार किया जा रहा है। प्राचार्य डॉ. दीक्षित ने संगठन की स्थापना व पृष्ठभूमि पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर प्राचार्य बीके गर्ग, डॉ. मेहंदीरत, डॉ. एस अरोड़ा, डॉ. जे राजन, डॉ. पीआर त्यागी, डॉ. आरके नैन, प्राचार्या कमलेश मलिक सहित अनेक प्राध्यापकों ने अपने विचार रखे।

### जरूरतमंद कन्या की शादी करवाई

**सोनीपत।** सेफ इंडिया फाउंडेशन द्वारा अपने जरूरत मंद कन्या विवाह प्रकल्प के तहत रविवार को सेक्टर 14 स्थित अग्रसेन भवन में एक जरूरतमंद कन्या का विवाह करवाया गया।

सेफ इंडिया के चेयरमैन वाईके त्यागी, प्रधान संजय सिंगला, शादी की को-ऑर्डिनेटर शालू त्यागी ने बताया की कन्या को बेड, अलमारी, ड्रेसिंग टेबल, कुर्सी मेज, सिलाई मशीन, गद्दे, चद्दर, चांदी का सामान, साड़ी, संदूक, प्रेस, स्टील बर्तन सेट, लड़के व लड़की की घड़ी, कपड़े, सूटकेश, दिवार घड़ी, कुककर,साड़ी, लहंगा चुन्नी आदि दिया गया है।

# आईजीएल पाइपलाइन में आग से एक की मौत

- उत्तरी जिले के बुराड़ी में आईजीएल की गैस पाइपलाइन में रिसाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

उत्तरी जिले के बुराड़ी में आईजीएल की गैस पाइपलाइन में रिसाव के बाद आग लग गई। इस हादसे में दो लोग झुलस गये। उनमें से एक की मौत हो गई। दूसरे की हालत नाजुक बताई गई है। पुलिस ने लापरवाही का केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार शनिवार रात 10 बजकर 53 मिनट पर प्रदीप विहार, इब्राहिम पुर में आईजीएल गैस पाइपलाइन में आग लगने के संबंध में एक पीसीआर कॉल मिली थी। बताया गया कि आग में दो तीन लोग जल गए है। बुराड़ी थाने के पुलिसकर्मी जब मौके पर पहुंचे तो आग जल रही थी। इलाके की घेराबंदी की गई। आईजीएल गैस पाइपलाइन में आग लगने का पता चलते ही मौके पर दो फायर टेंडर भी पहुंच गये। पुलिसकर्मियों ने आसपास में आईजीएल के श्रमिकों की तलाश की, जिससे रिसाव को रोकने में फायर टीम को मदद मिली।

# टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट में वार्ड 13 की टीम विजेता

- बिरला स्कूल में टी 20 क्रिकेट टूर्नामेंट का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा



खरखौदा। विजेता टीम को सम्मानित करते कुलदीप दहिया। फोटो : हरिभूमि

बिरला स्कूल में चल रहे टी 20 क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच वार्ड 12 और वार्ड 13 की टीम के बीच खेला गया । जिसमें वार्ड 12 की टीम वार्ड 13 की टीम से 104 रन से हार गई। वार्ड 12 ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए मेंटोर डॉ राजबीर सैनी की वार्ड 13 की टीम ने 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 144 रन बनाए। जिसका पीछा करते हुए वार्ड 12 की टीम 9 ओवर में सभी विकेट खोकर मात्र 40 रन पर ही सिमट गई। कुलदीप दहिया ने मैन ऑफ द मैच का खिताब वार्ड 13 के साहिल अत्री को दिया। जिसने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 55 गेंद पर 69 रन बनाए। आयोजक नवीन दहिया ने बताया के इस जीत के साथ वार्ड 13 की टीम खरखौदा की पहली टी -20 क्रिकेट टूर्नामेंट में विजेता बनी।

वार्ड 12 की टीम फाइनल मैच हारकर टूर्नामेंट की उप- विजेता रही। इस मौके पर विजेता टीम के मेंटोर डॉ राजवीर सैनी ने कहा कि जिस तरह यह क्रिकेट टूर्नामेंट प्रयास संगठन द्वारा कराया गया है, निश्चित तौर पर युवाओं को आगे बढाने का अच्छा प्रयास है। युवाओं को निरंतर अपने खेल का अभ्यास जारी रखना चाहिए। नवीन दहिया ने बताया कि प्रत्येक वर्ष ऐसा क्रिकेट टूर्नामेंट सीरीज में कराया जाएगा। सभी टीमों का भरपूर सहयोग और आपसी भाईचारे में बढ़िया तालमेल देखने को मिला है। विजेता व उपविजेता टीम को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अमित सैनी, संजू, नवीन पंवार, सिकंदर दहिया आदि मौजूद रहे।

# समाज में फैली बुराइयों का अंत करने में ऋषि मुनियों का अहम योगदान : तरुण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



सोनीपत। कार्यक्रम में मौजूद भाजपा नेता तरुण देवीदास साथ में गणमान्य लोग।

कुंडली स्थित एक गार्डन में एक फाउंडेशन द्वारा भजन कीर्तन एवं होली मिलन समारोह का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर भाजपा जिला प्रवक्ता तरुण देवीदास ने शिरकत की। कार्यक्रम में पहुंचने पर भाजपा नेता का पगड़ी एवं पटका पहनाकर स्वागत किया गया। भाजपा नेता तरुण देवीदास ने वहां पर एकत्रित भक्त जनों के साथ जय श्री राम के नारे लगाते हुए कहा कि दुनिया के सबसे पुराने सनातन धर्म को बढ़ाने एवं इसका प्रचार प्रसार करने के लिए इस तरह की पूजा एवं कीर्तनों के कार्यक्रम अवश्य किए जाने चाहिए। उन्होंने कहा भारतीय संस्कृति में ऋषि मुनियों एवं महापुरुषों ने हमेशा समाज में फैली बुराइयों का अंत करने में अहम योगदान दिया है। इस अवसर पर गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## मिला दाना...



नई दिल्ली के पार्क में रविवार को एक मोर दाना खाता हुआ। फोटो : एजेंसी

# 'गैंगस्टर' सुरेंद्र सिंह के रिश्तेदारों की संपत्तियां कुर्क

## लॉरेंस बिश्नोई गिरोह और अन्य के खिलाफ धनशोधन जांच, ईडी ने की कार्रवाई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



लॉरेंस बिश्नोई गिरोह और अन्य के खिलाफ धनशोधन जांच के तहत 'गैंगस्टर' सुरेंद्र सिंह उर्फ चीकू के परिवार के सदस्यों की 17.82 करोड़ रुपये की बैंक जमा, नकदी और जमीन कुर्क की गई है।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रविवार को यह जानकारी दी। केंद्रीय एजेंसी ने एक बयान में कहा कि अचल संपत्तियां हरियाणा के नारनौल और राजस्थान के जयपुर में स्थित हैं। इसमें कहा गया है कि चीकू 'अपने गिरोह के सदस्यों के माध्यम से लॉरेंस बिश्नोई के अपराध से अर्जित पैसों को ठिकाने लगा रहा था और अपने परिवार के सदस्यों और रिश्तेदारों के नाम पर संपत्ति अर्जित कर रहा था'। चीकू वर्तमान में तिहाड़ जेल में बंद है और उसे इस मामले में फरवरी में ईडी द्वारा गिरफ्तार किया गया था। ईडी ने कहा कि जांच में पाया गया कि 'निमावत ग्रेनाइट्स प्राइवेट लिमिटेड' नामक कंपनी के माध्यम से नारनौल में खनन कारोबार में चीकू की कथित 'अवैध' संलिप्तता थी। एजेंसी ने कहा कि सुरेंद्र सिंह चीकू ने अपने बहनोई विकास कुमार को इस कंपनी में निदेशक और शेयरधारक के रूप में पेश किया, जिसे नारनौल में बखरीजा खदानों में खनन का पट्टा दिया गया था। एजेंसी ने दावा किया कि इस सौदे के जरिए सुरेंद्र सिंह चीकू और विकास कुमार ने बिना व्यावसायिक निवेश के 2.84 करोड़ रुपये की उगाही की। ईडी का धनशोधन का मामला अपहरण, हत्या और जबरन वसूली आदि के आरोपों पर चीकू और उसके परिवार के सदस्यों के खिलाफ हरियाणा पुलिस को ओर से दर्ज कई प्राथमिकियों पर आधारित है।

### बिल्डर के घर फायरिंग जांच में जुटी पुलिस

**नई दिल्ली।** मोती नगर थाना अंतर्गत जी 45 बाली नगर, में फायरिंग का मामला सामने आया। इस घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस ने मौके पर पहुंच घटनास्थल का निरीक्षण किया और कुछ खाली कारतूस जब्त किये। मौके पर क्राइम टीम को भी बुलाया गया। शुरुआती तफ्तीश में पुलिस का कहना है कि उपलब्ध साक्ष्यों से ऐसा प्रतीत होता है कि हमलावरों ने हवा में गोलियां चलाईं और चले गए।

पुलिस के अनुसार विकास शर्मा, जी-45, बाली नगर में रहते हैं और पेशे से एक बिल्डर हैं। उन्हें पिछले साल धमकी मिली थी। उस कारण उन्हें सुरक्षा मुहैया करायी गयी थी। सुरक्षा अब भी जारी है। परिस्थितियों के आधार पर आईपीसी और शस्त्र अधिनियम के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया है। हमलावरों की पहचान करने और उनका पता लगाने के लिए कई टीमें गठित की गई हैं।

# आरके पुरम : कैमरे की मदद से पकड़ा गया एक्सेलेटर फ्लोर प्लेट चुराने वाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

आरके पुरम पुलिस ने एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। इसका नाम संदीप उर्फ काला बताया गया है। आरोपी की निशानेदही पर करीब दो लाख कीमत का चोरी का सामान और एक स्कूटी बरामद हुई है। आरोपी आरके पुरम इलाके का ही रहने वाला है। पुलिस के अनुसार 27 मार्च को एमएस सोम प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के सुपरवाइजर ऋषी राज ने करीब 25 किलो वजन की दो एल्यूमिनियम एक्सेलेटर फ्लोर प्लेट चोरी होने की शिकायत दर्ज करायी थी। आरके पुरम थानाध्यक्ष रविन्द्र कुमार त्यागी के नेतृत्व वाली टीम ने जांच के दौरान घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे चैक किए। इसके बाद एक इलेक्ट्रिक स्कूटी का पुलिस को लिंक मिला। नीले रंग की केवल छह स्कूटी दिल्ली में रजिस्टर्ड पाई गई। पुलिस ने सभी स्कूटी मालिकों की डिटेल हासिल की। इनमें एक स्कूटी गाजियाबाद की एक कंपनी के नाम पर मिली, जिसे ऑनलाइन डिलीवरी आउटलेट्स को रोजाना के हिसाब से किराए पर दिया जाता था। इसके बाद पुलिस आरोपी संदीप तक पहुंच गई। वह आरके पुरम थाने का बीसी निकला। उस पर पांच मामलों दर्ज थे। नशे की डिमांड पूरी करने के लिए वह चोरी करता था। पुलिस ने इसकी निशानदेही पर चुराई गई दोनों फ्लोर प्लेट बरामद कर ली है।

## आरोपी साथी डॉट कॉम पर खुद को बताता था डॉक्टर

# दो बच्चों के पिता ने शादी का झांसा देकर 50 से ज्यादा लड़कियों को ठगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली




शाहदरा पुलिस ने एक शातिर जालसाज व ठग को गिरफ्तार किया है। इस पर 50 से ज्यादा लड़कियों को शादी का झांसा देकर ठगने का आरोप है। आरोपी ने साथी डॉट कॉम पर फर्जी प्रोफाइल बनाई थी जिसमें वह खुद को डॉक्टर बताता था।

आरोपी रंजीत रंजन ठाकुर (40) ग्रेजुएट है और पेशे से बीमा एजेंट है। वह दो बच्चों का पिता है। ठगी में इस्तेमाल मोबाइल फोन भी पुलिस ने जब्त कर लिया है। पुलिस के अनुसार हाल ही में एक पीड़िता ने शिकायत दी कि वह साथी डॉट कॉम पर डॉ अमन शर्मा के संपर्क में आई थी। उसने शादी का झांसा देकर उससे एक लाख 13 हजार रुपए ठग लिए। बाद में उसे पता चला कि आरोपी ने उसे धोखा देने के लिए फर्जी नाम और फोटो का इस्तेमाल किया था। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की। तफ्तीश उस बैंक अकाउंट पर केंद्रित हुई जिसमें ठगी की रकम ट्रांसफर की गई थी।

### पुलिस खंगाल रही पुराना रिकॉर्ड

इसके बाद पुलिस को एक संदिग्ध मोबाइल नंबर मिला। उसे सर्विलांस पर लिया गया। इसके बाद आरोपी की लोकेशन मिलने पर उसे मोहन ब्लॉक गली नंबर 5, सागरपुर से दबोच लिया गया। पूछताछ में रंजन ने खुलासा किया कि उसने साथी डॉट कॉम के जरिये अब तक 50 से अधिक लड़कियों को धोखा दिया है। पुलिस इसका पुराना रिकॉर्ड खंगाल रही है।

## खबर संक्षेप



### फाउंडेशन के पूरे हुए 5 साल, हुआ कार्यक्रम

**सोनीपत।** स्प्रेड स्माइल फाउंडेशन के 5 वर्ष पूरे होने पर सेक्टर 12 कम्युनिटी सेंटर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मेयर निखिल मदान ने बतौर मुख्यतिथि हिस्सा लिया और संस्था के सभी सदस्यों को शुभकामनाएं दी। मेयर निखिल मदान ने सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। स्प्रेड स्माइल फाउंडेशन सोनीपत शहर के गरीब और बेसहारा बच्चों को निःशुल्क शिक्षा प्रदान करने, रक्तदान शिविर आयोजित करने, जरूरतमंद महिलाओं को निःशुल्क सिलाई कढ़ाई सिखाने, पौधरोपण की मुहिम चलाती है।

### आंखों का ऑपरेशन व जांच कैम्प आज

**सोनीपत।** दी महाराजा अग्रसेन समाज कल्याण समिति के प्रधान टीकाराम मित्तल व उपप्रधान संजय सिंगला ने बताया कि 2 अप्रैल यानि मंगलवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक अग्रवाल धर्मशाला गुड़ मंडी में कैंप का आयोजन किया जाएगा। कैंप में आंखों की जांच की जायेगी, उनको दवाइयां मुफ्त में दी जाएंगी तथा जिनकों मोतियाबिंद होगा उनका ऑपरेशन व जांच वेणु आई रिसर्च इंस्टिट्यूट शेख सराय दिल्ली के अनुभवी डॉक्टरों द्वारा किया जायेगा।

### हर जिले में होगा लघु उद्योग प्रकोष्ठ का गठन

**सोनीपत।** भाजपा लघु उद्योग प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष बाबा अमित बिन्दल ने कहा कि हरियाणा के हर जिले में लघु उद्योग प्रकोष्ठ का गठन होगा। उन्होंने कहा कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम के प्रति प्रतिबद्ध है। कारोबारियों को केंद्र सरकार की तरफ से कई तरह के प्रोत्साहन दिए जा रहे हैं। ऐसा इसलिए, क्योंकि यह सेक्टर भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। यह देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में लगभग 29 फीसदी का योगदान करते हैं।



## वत वत्सल भागवत भगवान के आशीर्वाद से इंसान धर्म के मार्ग पर चलने की शक्ति जुटा पता है

# भागवत कथा को जीवन में उतारें : जैन



सोनीपत। कलश यात्रा में शामिल पूर्व मंत्री कविता जैन

### कलश यात्रा में सैकड़ो महिलाएं सिर पर कलश रख कर नाचते-गाते चल रही थी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

पूर्व कैबिनेट मंत्री कविता जैन ने कहा कि वत वत्सल भागवत भगवान के आशीर्वाद से इंसान धर्म के मार्ग पर चलने की शक्ति जुटा पता है अन्यथा जीवन में भटकाव के अनेक रास्ते हैं जो मानव का सर्वनाश कर देती हैं इसलिए भागवत कथा के एक-एक शब्द को आत्मसात करके जीवन में उतारने की कोशिश करो। कविता जैन रविवार को सेक्टर 15 तथा मुरथल रोड विकास नगर में आयोजित भागवत कथा के अवसर पर निकाली गई कलश यात्रा में भाग लेने के बाद श्रद्धालुओं को संबोधित कर रही थी। कलश यात्रा में सैकड़ो महिलाएं सिर पर कलश रख कर नाचते-गाते चल रही थी। उन्होंने कहा की भागवत श्रवण करने से जीवन का कल्याण होता है और जीवन में कोई भी समस्या आए तो भागवत पढ़ना शुरू कर दो, समस्या का समाधान मिल जाएगा। उन्होंने कहा कि भागवत कथा के आयोजन से ईर्ष्या द्वेष की भावना खत्म होकर भाईचारे, प्यार, प्रेम की भावना बढ़ती है। इसलिए भागवत कथा में सभी ग्रंथो का सार समाहित है और सभी ग्रंथो में सर्वश्रेष्ठ ग्रंथ है। इस अवसर पर गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

### भगवान परशुराम जन्मोत्सव मनाने के लिए किया मंथन

**सोनीपत।** भगवान परशुराम जन्मोत्सव मनाने के लिए रविवार को ब्राह्मण उत्थान परिषद और ब्राह्मण समाज की एक बैठक मुरथल रोड पर हुई। इसमें 12 मई को भगवान परशुराम जन्मोत्सव मनाने पर सहमति बनी। बैठक में यह भी मंथन किया गया कि 12 मई को शोभायात्रा निकाली जाए या ब्राह्मण सम्मेलन का आयोजन किया जाए। अधिकतर पदाधिकारियों ने शोभायात्रा निकालने पर ही जोर दिया। बैठक में सहमति बनी कि जिले की ब्राह्मण संस्थाओं को एकजुट किया जाए और उनके साथ एक बैठक कर रणनीति बनाई जाए। अब जल्द ही ब्राह्मण संस्थाओं से संपर्क कर एक बैठक बुलाई जाएगी और उसमें फैसला लिया जाएगा। बैठक में ब्राह्मण उत्थान परिषद के प्रधान मुकेश शर्मा प्रधान, डा इंद्र शर्मा, हिमांशु शर्मा, एडवोकेट रविंद्र शर्मा, एडवोकेट नवीन कौशिक, संदीप कौशिक आदि मौजूद रहे।



सोनीपत। बैठक में उपस्थित परिषद के पदाधिकारी एवं अन्य।

### सुकर्मों के आधार पर मिला है मानव जीवन : सोमदेव

- आर्य समाज ऋषि नगर का वार्षिकोत्सव संपन्न

**सोनीपत।** आर्य समाज ऋषि नगर बत्रा कालोनी सोनीपत वार्षिकोत्सव कार्यक्रम रविवार को संपन्न हो गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान विनोद कुमार बतरा ने की। प्रातःकाल में आचार्य सोम देव मीमांसा तीर्थ सवाईमाधोपुर राजस्थान के ब्रह्मत्व में हवन यज्ञ और सत्संग का आयोजन हुआ। वैदिक प्रवक्ता हरि चन्द स्नेही ने मंच का कुशल संचालन किया। पंडित सत्य प्रकाश आर्य ने यज्ञ के समय वेदमंत्रों का भावार्थ समझाकर श्रद्धालुओं को आकर्षित किया। यज्ञोपरान्त अमृतसर से आमंत्रित संगीतरत्न दिनेश आर्य पथिक ने परमेश्वर की भक्ति, देश भक्ति, सामाजिक और सांस्कृतिक गीत प्रस्तुत किए। वैदिक प्रवक्ता आचार्य सोम देव मीमांसा तीर्थ ने वेद वेद मंत्र के उच्चारण करनें के पश्चात बताया कि हमें यह मानव जीवन सुकर्मो के आधार पर प्रदान किया है। इस जीवन को सर्वोत्तम बनाते रहें। प्रतिदिन सन्ध्या करके प्रभु से प्रार्थना करें कि हमारे अन्दर जितनी बुराईयां हैं सभी दूर कर दो और बदले में अच्छाइयां ग्रहण करें। ब्रह्मचर्य का पालन, स्वाध्याय, अग्निहोत्र करें, तपस्या द्वारा शरीर को बलिष्ठ बनाएं, ब्रह्म मुहूर्त में उठकर प्रभु का ध्यान करें। कार्यक्रम में जवाहर लाल बत्रा, रमेश मानकटालिया, राजेन्द्र तनेजा, दीपा आर्या, सुभाष चांदना, दीक्षा आचार्या, चन्द्र कान्ता, सुनीता अरोड़ा, महात्मा वेद मुनि आदि मौजूद रहे।



सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित श्रद्धालुगण।



गन्नौर। कार्यक्रम के प्रतिभागी छात्रों को सम्मानित करते स्कूल के निदेशक अजय यादव।

## छात्रों ने ग्रेजुएशन डे पर प्रस्तुत किए कार्यक्रम

- निदेशक अजय यादव ने छात्रों को किया संबोधित

हरिभूमि न्यूज ⏭ गन्नौर

चाइल्ड केयर इंटरनेशनल स्कूल, शेखपुरा में ग्रेजुएशन डे का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के निदेशक अजय यादव ने विद्यालय के सीईओ रमेश वशिष्ठ, प्रधानाचार्या अक्षिता के सहयोग से दीप प्रज्जवलित करके किया। विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया। इसके अलावा नृत्य गायन प्रतियोगिता, स्टेज शो, बेबी शो, कविता वादन आदि प्रतियोगिता हुई। इसी के साथ विद्यार्थियों के परिणाम परिणाम को भी उनके माता-पिता के समक्ष साझा किया गया और भेंट स्वरूप उन्हें उपहार भी दिया गया। प्रथम द्वितीय और तृतीय आने वाले छात्र-छात्राओं का सम्मान विद्यालय अवार्ड के द्वारा किया गया। स्कूल के निदेशक अजय यादव ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि छात्रों को मेहनत लग्न से शिक्षा ग्रहण करनी चाहिए। मेहनत करने वाले छात्रों को जीवन में सफलता मिलती है। छात्रों ने जो पूरे साल अपनी कक्षा में पढ़ाई को लेकर मेहनत की थी। उसी का फल छात्रों को मिल गया। स्कूल के शिक्षकों ने कार्यक्रम की

### दो अलग-अलग सड़क दुर्घटना में दो बाइक सवार घायल

**खरखौदा।** सैदपुर गांव के पास एक ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार युवक घायल हो गया। खरखौदा के वार्ड संख्या 9 निवासी संदीप कुमार ने बताया कि वह एक निजी कंपनी में पार्सल सप्लाई का काम करता है। जब वह सैदपुर अपनी मोटरसाइकिल पर जा रहा था तो उसकी मोटरसाइकिल को एक ट्रक ने सीधी टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। चालक ट्रक सहित मौके से फरार हो गया। घायल अवस्था में उसे खरखौदा के सरकारी अस्पताल लाया गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देकर उसे इलाज के लिए रोहतक रेफर किया है। पुलिस ने घायल युवक की शिकायत पर ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं बरोना चौक पर एक ट्रक व मोटरसाइकिल की टक्कर में एक व्यक्ति घायल हो गया। जटोला निवासी मोहन राणा ने बताया कि वह अपने रिश्तेदार रोहना निवासी परमजीत से मिलने के लिए आया था।

## टैलेंट मेला: भावी वैज्ञानिकों की झलकी प्रतिभा

- जेएलएन स्कूल के टैलेंट मेले में भावी वैज्ञानिकों ने प्रस्तुत किए आकर्षक मॉडल

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोहाना

शहर में गुढ़ा रोड पर स्थित जेएलएन स्कूल में रविवार को टैलेंट मेला आयोजित किया गया । इस टैलेंट मेलेमें भावी वैज्ञानिकों की प्रतिमा झलकी। प्रदर्शनी के अवलोकन के लिए अभिभावकों को भी आमंत्रित किया गया।

मार्गदर्शन स्कूल की प्रबंधक कृष्णा देवी ने किया, अध्यक्षता स्कूल के एमडी सुनील शर्मा प्रिंसिपल प्राचार्य डॉ. सचिन शर्मा ने की जबकि संयोजन स्कूल के सह निर्देशक राजकुमार जांगड़ा एवं उप प्राचार्य सूरत शर्मा ने किया। मुख्य अतिथि दिग्गज ब्राह्मण नेता श्याम लाल वशिष्ठ, अति विशिष्ट अतिथि नगर परिषद की चेयरपर्सन रजनी विरमानी और उनके पति इंद्रजीत विरमानी, बलराम कौशिक, अरुण बड़ौक, डॉ. संदीप सेतिया, डॉ. चक्रवर्ती शर्मा, आनंद शर्मा और रघुवीर विरोधिया रहे। निर्णायक मंडल भौतिक विज्ञान के लिए छोटेलाल और रमेश शर्मा, रसायन शास्त्र के लिए नरेश शर्मा, बायोलॉजी के लिए डॉ. संयम जैन, कॉमर्स के लिए धर्मवीर सिंह, इंग्लिश के लिए कपिल रानी, हिंदी के लिए अनिता दूहन एवं डॉ. सोनी प्रसाद, संस्कृत विषय के लिए शिवपाल शर्मा और विनोद शर्मा आदि रहे।



गोहाना। टैलेंट मेले में प्रस्तुत मॉडलों का अवलोकन करते हुए अतिथिगण।

### बाइक सवार झपटमारों ने मोबाइल छीना

**सोनीपत।** श्याम नगर में घर से घूमने निकले युवक से बाइक सवार दो झपटमार मोबाइल छीनकर भाग गए। पीड़ित ने मामले की शिकायत सिटी थाना पुलिस को दी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस टीम क्षेत्र में लगे सीसीटीवी खंगाल रही है। जिससे झपटमारों का पता लगाया जा सके। श्याम नगर निवासी अभिषेक ने सिटी थाना पुलिस को बताया कि वह शनिवार रात को करीब सवा दस बजे घर से घूमने के लिए निकले थे। वह पास ही सडक पर घूम रहे थे। इसी दौरान एक बाइक पर सवार दो युवक उनके पास पहुंचे। उन्होंने उनके पास आने के बाद अपनी बाइक को रोक दिया। इससे पहले वह कुछ समझ पाते एक युवक बाइक से उतरा और उनका मोबाइल छीन लिया। उन्होंने युवकों को पकड़ने का प्रयास किया और शोर भी मचाया, लेकिन वह भाग निकले। जिस पर उन्होंने डायल-112 पर पुलिस को सूचना दी।

## बेबी शो में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

हिंदू विद्या मंदिर स्कूल सोनीपत विशाल नगर में बेबी शो का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सर छोटू राम स्कूल के प्राचार्य मेहर सिंह आर्य, बालकिशन दहिया तथा अध्यक्ष आनंद सिंह दहिया ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। मुस्कान ने हनुमान चालीसा के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया तत्पश्चात स्कूल संचालक रोहतास खत्री ने बिल्लू सरोहा के साथ मिलकर सभी अतिथियों का फूल मालाओं के साथ पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। बेबी शो में नन्हे-मुन्नों ने प्रस्तुति दी। प्राचार्य मेहर सिंह आर्य ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाया। इस दौरान बच्चों को नगद पुरस्कार देकर भी सम्मानित किया गया। सभी अतिथियों को भी स्कूल संचालक ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। सुनीता चौहान व रेनू ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस अवसर पर सुरेश हुड्डा, गोवर्धन, प्रदीप, निक्की, सुभाष, मनजीत, सूरज, अनिल, गणेश, राजू, पंकज, कबड्डी कोच संदीप भारद्वाज, सरोज, सविता, रंजू, पूजा, ऊषा, सुमन, सविता, सोनिया, सुनीता, सुशीला, प्रिया, पिंकी, गीता, राजवंती आदि उपस्थित रहे।



सोनीपत। बेबी शो में विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए अतिथिगण।

## समाज कल्याण संगठन ने लगाए 19 पौधे



**गोहाना।** रविवार को अपने साप्ताहिक पौधारोपण अभियान में समाज कल्याण संगठन ने 19 नए पौधे रोपे। लगाए गए प्रत्येक पौधे को ट्री गार्ड से संरक्षित किया गया। पौधारोपण की अध्यक्षता संगठन के अध्यक्ष आनंद जांगड़ा ने की। समाज कल्याण संगठन दो दशक से गोहाना शहर को ग्रीन सिटी बनाने के लिए अभियान छेड़े हुए हैं। प्रत्येक रविवार को सार्वजनिक स्थलों पर नए पौधे लगाए जाते हैं तथा पहले से लगे हुए पुराने पौधों की समुचित देखभाल की जाती है। नया पौधारोपण रोहतक रोड पर अंबेडकर चौक से ड्रेन नंबर 8 के पुल तक किया गया। कुल 19 पौधे रोपे गए। ये पौधे जामुन, पिलखन, नीम और अर्जुन के थे। दो पुराने पौधे सूखे हुए मिले। उनकी जगह नए पौधे लगा दिए गए। पुराने पौधों की नलाई और गुड़ाई की गई। वाटर टैंकर से पौधों को पानी दिया गया। पौधरोपण के लिए श्रमदान बलजीत जांगड़ा, मुकेश, मनोज, सुभाष, हरीश, डॉ. बिजेंद्र, सुनील, जगदीश, प्रवीण, पवन, राजेश आदि ने किया।

## ताला तोड़कर 7 लाख व आभूषण चुराए

- शादी के लिये चंडीगढ़ गई थी पीड़िता, व्हाट्सएप पर शिकायत भेजकर दर्ज कराया मुकद्दमा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

मयूर विहार में युवती के बंद कमरे का ताला तोड़कर चोर साढ़े सात लाख रुपये व सोने के आभूषण चोरी कर ले गए। पीड़िता अपनी शादी के लिए कमरे पर ताला लगाकर चडीगढ़ गई हुई हैं। सुबह मकान मालिक ने चोरी की जानकारी दी। जिस पर पीड़िता ने पुलिस से वीडियो कॉल पर जानकारी लेने के बाद व्हाट्सएप पर पुलिस आयुक्त के नाम शिकायत भेजकर चोरी का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस टीम मामले की जांच कर रही है। पुलिस आयुक्त के नाम भेजी शिकायत में आरती ने बताया कि वह मयूर विहार की गली-8 में गुरदीप के मकान में किराए पर रहती हैं।

वह अपनी शादी के लिए 20 मार्च को अपने परिवार के साथ चंडीगढ़ आ गई थी। अपनी शादी की तैयारी में व्यस्तता के चलते वह कुछ सामान किराए के कमरे में ही छोड़ आई। आरती ने पुलिस को लिखा है कि रविवार की सुबह मकान मालिक गुरदीप ने कॉल कर बताया कि उनके कमरे के दरवाजे का ताला टूटा हुआ है। उन्होंने पुलिस को अवगत कराया। जिस पर पुलिस ने वीडियो कॉल से उनसे बातचीत की। आरती ने बताया कि उन्होंने पुलिस को अवगत कराया कि चोर उनके कमरे से साढ़े सात लाख रुपये, तीन सोने की अंगूठी, चांदी की पाजेब, सोने के चार सिक्के, चांदी के चार सिक्के चोरी हुए है। जिस पर उन्होंने व्हाट्सएप पर शिकायत भेजकर चोरी का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मामले में जांच कर रही है।

### जानकार पर जताया चोरी का शक

पुलिस के अनुसार युवती की शादी 30 मार्च को ही बताई गई है। आरती ने पुलिस को बताया है कि उन्हें किसी जानकार पर चोरी का शक है। चोरों ने उसकी कमरे का ताला तोड़ा है जिसमें वह नकदी और आभूषण रखते थे। दूसरे कमरे का ताला नहीं तोड़ा गया।

## प्ले स्कूल का वार्षिकोत्सव दिवस धूमधाम से मनाया




गन्नौर। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते विद्यार्थी।

**गन्नौर।** रविवार को वंडर वर्ल्ड प्ले स्कूल का वार्षिकोत्सव दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा। समाजसेवी पालेराम व गायत्री विद्यापीठ की प्रधानाचार्या शुकन्तला कौशिक ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। स्कूल पहुंचने पर प्रधानाचार्य भावना ने बुके देकर अतिथियों का स्वागत किया। प्रधानाचार्य भावना ने बताया कि बच्चों को छोटी कक्षाओं से ही अच्छी शिक्षा के साथ साथ खेलों व सांस्कृतिक कार्यक्रमों में निपुण होना चाहिये। मुख्यातिथि ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते की। इस मौके पर नवज्योति शिक्षा सदन खूबडू भावर के निदेशक राजेंद्र कौशिक, समाजसेवी संदीप सिंघल, एडवोकेट अंकित त्यागी व एडवोकेट नेहा त्यागी सहित कई गणमान्य लोग व अभिभावक मौजूद रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

### कार्यक्रम का शुभारंभ रौनक एजुकेशन फाउंडेशन के मैनेजर राहुल गुप्ता ने किया

# समारोह में संस्कार युक्त सांस्कृतिक कार्यक्रम किए प्रस्तुत

हरिभूमि न्यूज ⏭ गन्नौर

अपोलो इंटरनेशनल स्कूल बड़ी में वार्षिकोत्सव समारोह धूमधाम से मनाया गया। समारोह की शुरूआत स्कूल के रौनक एजुकेशन फाऊडेंशन के मैनेजर राहुल गुप्ता, प्रधानाचार्या रजनी शर्मा ने मां सरस्वती की फोटो के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके किया। कार्यक्रम में बड़ी गांव के सरपंच प्रतिनिधि अरूण त्यागी, सनपेड़ा के सरपंच प्रमोद ढाका, संदीप ढाका, जिला पार्षद नरेन्द्र, खुबडू चौकी प्रभारी संदीप ने शिरकत की। सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। कार्यक्रम में स्कूल के नन्हें- मुन्ने छात्रों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। छात्रों ने कार्यक्रम के माध्यम कृष्ण जन्म, राधा- कृष्ण गीत आदि कार्यक्रमों के माध्यम से संस्कारों को बढ़ावा देने का संदेश दिया। अतिथियों व अभिभावकों ने छात्रों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रमों की सराहना की। मंच संचालन शिक्षिका शादीका, रीना ने किया। प्रधानाचार्या रजनी शर्मा ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि अपने बच्चों को समादारी वाली बाते भी की जाए और बच्चों को संस्कार दिए जाए। ये बात जरूरी है कि हम बच्चों से संस्कारों की जो बाते बुलवाते है ये उनकी समा में आना चाहिए। संस्कारों को लेकर अभिभावक व शिक्षक ध्यान नही देंगे तो धीरे-धीरे ये खत्म हो जाएंगे। कार्यक्रम में पश्चिम युमना लिंक नहर में गिरी गाड़ी के चालक को सर्दी में नहर में कूदकर जान बचाने वाले खुबडू चौकी प्रभारी संदीप को भी विशेष सम्मान दिया गया। सनपेड़ा गांव के सरपंच प्रमोद ढाका ने रौनक एजुकेशन फाऊडेंशन के मैनेजर राहुल गुप्ता के सामने स्कूल में छात्रों को बेहतर शिक्षा देने पर सराहना की। प्रधानाचार्या रजनी शर्मा ने आभार व्यक्त किया। व्यवस्था कोरडीनेटर अनीता यादव, अंकित, रीना, नीलम त्रिपाठी, शादिका, संगीता, नरेन्द्र अधिकारी आदि ने कार्यक्रम की व्यस्था संभाली।





गन्नौर। मैनेजर राहुल गुप्ता, प्रधानाचार्या रजनी शर्मा सनपेड़ा सरपंच प्रमोद ढाका को स्मृति चिन्ह देते हुए एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते अपोलो इंटरनेशनल स्कूल के छात्र।